प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 17.11.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड स्थापना दिवस के रजत पर्व पर रांची में भव्य सांस्कृतिक उत्सव संपन्न, लोककलाओं, संगीत प्रस्तुतियों, ड्रोन शो ने दर्शकों को किया आकर्षित।

2. दिल्ली के भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में झारखंड पवेलियन का वन उत्पाद स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र, प्राकृतिक शहद, लाह ने किया आगंतुकों को प्रभावित।

3. नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने एनआईए को लिखा पत्र, पूर्व डीजीपी और सुजीत सिन्हा गिरोह की कथित गठजोड़ की जांच की मांग।

4. भारत दुबई एयर शो 2025 में करेगा अपनी रक्षा शक्ति का प्रदर्शन, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ करेंगे भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व।
5. रांची सहित 11 जिलों में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों में तापमान और 2–3 डिग्री गिरने की जताई संभावना।

****

झारखंड स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ को यादगार बनाने के लिए कल रांची में दो दिवसीय भव्य "रजत पर्व उत्सव" संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन के साथ मंत्रियों, सांसदों, वरिष्ठ अधिकारियों और बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित कार्यक्रम के सांस्कृतिक मंच पर अखरा जगान, संथाली, नागपुरी, पाईका, छऊ सहित राज्य की विविध लोककलाओं की आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिल्पा राव, टॉम मुर्मू एंड बैंड और शगुन पाठक की संगीत प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्साह से भर दिया जबकि ड्रोन शो में झारखंड की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक यात्रा को आकाश में जीवंत रूप से दर्शाया गया। स्वर्गीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन की जीवनी पर आधारित नाट्य प्रस्तुति श्रद्धा और प्रेरणा का केंद्र बनी।

****

नई दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले के झारखंड पवेलियन में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का स्टॉल प्राकृतिक शहद, लाह, रेशम और जड़ी–बूटियों जैसे उत्पादों के साथ लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित कर रहा है। विभाग द्वारा झारखंड के 31 प्रतिशत वन क्षेत्र, शाल सहित विविध वृक्ष प्रजातियों, वन संरक्षण योजनाओं और ग्रामीण समितियों की भूमिका के बारे में जानकारी दी जा रही है।

****

साहिबगंज जिले में मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के सफल क्रियान्वयन के लिए शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन तैयारी कर रहा है।

****

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने पूर्व डीजीपी अनुराग गुप्ता और गैंगस्टर सुजीत सिन्हा गिरोह के बीच कथित सांठगांठ की जांच के लिए एनआईए को पत्र लिखकर व्यापक जांच की मांग की है। श्री मरांडी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर आरोप लगाया है कि गिरोह अंतरराष्ट्रीय हथियार आपूर्ति श्रृंखला, ड्रोन से गिराए गए हथियारों की खरीद और पाकिस्तान से जुड़े नेटवर्क के साथ काम कर रहा है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। श्री मरांडी ने एनआईए से पूरे मामले की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच शुरू करने का आग्रह किया है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जब देश के लिए काम करने और कुछ नया करने की भावना जागृत होती है, तो यह अपार प्रेरणा का स्रोत बन जाती है। सूरत में देश की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना की समीक्षा के बाद प्रधानमंत्री ने परियोजना की तुलना देश की अंतरिक्ष यात्रा से की। श्री मोदी ने कहा कि देश का पहला

उपग्रह प्रक्षेपित करने वाले वैज्ञानिकों को कैसा लगा होगा और आज कैसे सैकड़ों उपग्रह प्रक्षेपित किए जा रहे हैं।

****

भारत दुबई एयर शो 2025 में अपनी रक्षा शक्ति का प्रदर्शन करेगा। यह दो दिवसीय एयर शो आज संयुक्त अरब अमीरात – यूएई में शुरू होगा। भारतीय वायु सेना सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम और एलसीए तेजस के साथ इस एयर शो में भाग लेगी। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

****

राज्य में कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित है। खूंटी में न्यूनतम तापमान सामान्य से सात डिग्री नीचे दर्ज किया गया जबकि राजधानी रांची का न्यूनतम तापमान गिरकर नौ डिग्री पर पहुँच गया। मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, रामगढ़ और हजारीबाग में शीतलहर के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है।

****

रांची जिला एमेच्योर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग एसोसिएशन की ओर से एकदिवसीय अस्मिता महिला किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न वर्गों में आरजू अली, लावण्या शर्मा और अन्य खिलाड़ियों ने पदक जीते। कार्यक्रम का उद्‌घाटन पूर्व शिक्षा मंत्री नीरा यादव और झारखंड ओलिंपिक एसोसिएशन के महासचिव मधुकांत पाठक सहित कई अतिथियों ने किया, जबकि समापन समारोह में मंत्री राधा कृष्ण किशोर मौजूद रहे। अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से महिलाओं में आत्मविश्वास और आत्मरक्षा की क्षमता मजबूत होती है।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां–

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने झारखंड की रजत जयन्ती समारोह पर आयोजित झारखंड जतरा और सांस्कृतिक कार्यक्रम की खबर को अपने पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।
- हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के हवाले से लिखा है झारखंड संघर्ष, अस्मिता व गौरव की भूमि।
- दैनिक भास्कर ने लिखा है– हेमन्त सोरेन के नाम पर फोन कर शरारती तत्व कर्नाटक के डिप्टी सीएम को कर रहे परेशान।
- प्रभात खबर की सुर्खी है राइट टू सर्विस एक्ट और सुओ मोटो सिस्टम फेल, पैंसठ हजार म्यूटेशन लटके।
- दैनिक जागरण ने लिखा है– सी मैट 2026 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज।

****